2 “दोहे” (कवि- कबीर,रहीम,वृंद)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सार्वाधिक उचित विकल्प छाँटकर लिखिए -

1) ‘कबीर’ के अनुसार ‘ऊँचे कुल में जन्म लेने’ पर भी आदमी निंदा का पात्र होता हे,जब वह-

1 अच्छे कर्म नही करता | 2 सुरापान करता है
3 साधुओं का सत्संग करता है | 4 धन को इकठ्ठा होने नही देता

उत्तर ....

2) अच्छा गुरु-

1 स्वभाव को निर्मल बना देता हे | 2 घर में धन बढाता हे
3 रास्ते में फूल बोता हे | 4 कमियों को दूर करता हे

उत्तर ....

3) ‘कबीर’ ने जल की तुलना किससे की हे-

1 नाव से | 2 धन से
3 हाथों से | 4 सयानेपन से

उत्तर ....

4) रहीम के अनुसार मुर्ख के बढ़-चढ़कर बोलने पर विद्वान् को क्या करना चाहिए ?

1 स्वयं मौन धारण कर लेना चाहिए | 3 मुर्ख का विरोध करना चाहिए
2 मुर्ख को भय दिखाकर चुप कराना चाहिए | 4 अपना प्रचार स्वयं करना चाहिए

उत्तर ....

5) कबीर के अनुसार घर में धन बढ़ने से-

1 दान कर देना चाहिए | 3 घर में भर लेना चाहिए
2 उड़ा देना चाहिए | 4 छिपा देना चाहिए

उत्तर ....

6) कबीर ने ‘निंदक’ को निकट बनाए रखने के लिए कहा हैं ,क्योंकि उससे

1 हमें अपनी कमियों का पता चलता है | 3 हमें दूसरों की कमियों का पता चलता है
2 हमें सुरक्षा मिलती हैं | 4 हमें बहुत से लाभ मिलते हैं |

उत्तर ....

7) ‘रहीम’ के अनुसार कोयल किस ऋतु में मौन साध लेती हैं?

1 ग्रीष्म | 3 वसन्त
2 शरद | 4 वर्षा

उत्तर ....

8) भाग्य के भरोसे रहने वाले को क्या कहा जाता है:

1 भाग्यवान 3 भाग्यवादी

2 भाग्यहीन 4 भाग्यशाली

उत्तर ....

अणु प्रश्न

प्रश्न 1. क्या ऊँचे कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति ऊँचा हो जाता है?

प्रश्न 2. व्यक्ति की पहचान कैसे होती है?

प्रश्न 3. सोने से बना कलश कब निन्दा का पात्र होता है?

प्रश्न 4. निंदक कौन होता है?

प्रश्न 5. कवि ने निंदक को पास रखने की सलाह क्यों दी है?

प्रश्न 6. निंदक हमारे स्वभाव को कब स्वच्छ कर देता है?

प्रश्न 7. कवि ने गुरू किसे माना है?

प्रश्न 8. गुरू शिष्य का चरित्र निर्माण कैसे करता है?

प्रश्न 9. गुरू का स्वभाव कैसा होता है?

प्रश्न 10.'धन दौऊ हाथ उलीचिए' से क्या आ" ाय है?

प्रश्न 11.धन अपने साथ क्या लेकर आता है?

प्रश्न 12.कोयल कब मौन धारण कर लेती है?

प्रश्न 13.'दादुर बक्ता भए' से कवि का क्या आशय है?

प्रश्न 14 ज्ञानी की बातों का प्रभाव कब नहीं होता है?

प्रश्न 15.रहीम के अनुसार कितनी बातों को छुपाया नही जा सकता?

प्रश्न 16.'खैर' अपनी पहचान कैसे छोड़ जाता है?

प्रश्न 17.निरन्तर अभ्यास करने से क्या होता है?

प्रश्न 18.पत्थर पर निशान कैसे बन जाते है?

प्रश्न 19.सफलता पाने के लिए क्या जरूरी है?

प्रश्न 20.दोहा में कितनी मात्रा होती हैं?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए : (अंक-1)

1. ‘कबीर’ ने अपने दोहे में कुम्हार और घड़े के माध्यम से क्या समझाने की कोशिश की हैं ? (2015)
2. ‘कबीर’ के अनुसार ऊँचें कुल में जन्म लेने पर भी आदमी निंदा का पात्र क्यों बन जाता हैं ? (2016)
3. कवि ‘वृन्द’ के दोहे-“करत-करत अभ्यास ते जडमति होत सुजान” में ‘अभ्यास’ शब्द से क्या तात्पर्य है|

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : (अंक-2)

1. ‘कबीर’ के अनुसार हमें अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए ??(2013)
2. “गुरु कुम्हार सिष कुम्भ है, गढ-गढ़ काढ़े खोट”- दोहे की पंक्ति के आधार पर गुरु-शिष्य के संबंध का आदर्श रूप क्या हैं? (2013)
3. कबीर ने गुरु-शिष्य के संबंध का आदर्श रूप किसे बताया है और क्यों ? (2014)
4. ‘सुबरन कलस’ और ‘सुरा’ की तुलना किससे की गई हैं ? (2015)
5. कबीर ने गुरु की तुलना किससे की हैं ? और क्यों ? (2017)
6. ‘वृन्द’ के अनुसार निरन्तर अभ्यास से क्या लाभ होता हैं दिए गए उदाहरण से स्पष्ट कीजिए कीजिए? (2015)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए : (अंक-3)

1. कबीर के अनुसार हमें अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए ?
2. ‘घर में बाढ़ों दाम’ से कबीर का क्या आशय हैं ? 2014 (2017)